तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 17 जून 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4



शिक्षण सत्र का हुआ श्री गणेश, रोली चंदन टीके से बच्चों को कराया स्कूल में प्रवेश


(कोरबा) प्रवेश प्रारंभ (कटघोरा)

प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.

न्यू महाराणा I.T.I.

ट्रेड- इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक

योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)

स्थान सीमित

नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।

पता: प्राचार्य: लालूराम कालोनी (पवन भोग आटा चक्की के पीछे) कोरबा

मो. 9203903521, 9425556340, 9203914561

पता: प्राचार्य: निहारिका टॉकीज कम्पाउंड, गोपाल पेट्रोल पंप के सामने कटघोरा

मो. 9203914562, 9691946265, 9203914561


# कोल कॉरिडोर की कैपेसिटी बढ़ाने 755 करोड़ के चांपा- कोरबा थर्ड लाइन रेल प्रोजेक्ट को मिली मंज़ूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला-समृद्ध इलाकों में रेलवे की क्षमता बढ़ाने को बढ़ावा देने के लिए इंडियन रेलवे ने साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे के चांपा- कोरबा तीसरी लाइन परियोजना 42 किमी को मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 755 करोड़ रुपए है।

प्रोजेक्ट में चांपा और कोरबा के बीच तीसरी रेलवे लाइन बनाना शामिल है, जिसमें पहले से मंजूर मडवारानी-सरगबुंदिया सेक्शन शामिल नहीं है। इस कॉरिडोर की पहचान इंडियन रेलवे के मिशन 3 हजार MT और हाई-डेंसिटी नेटवर्क कॉरिडोर पहल के तहत की गई है, जिसका मकसद माल ढुलाई को मज़बूत करना और देश की बढ़ती एनर्जी ज़रूरतों को पूरा करना है। जिले में बड़ी संख्या में थर्मल पावर प्लांट हैं और यह देश के सबसे ज़रूरी कोयला ट्रांसपोर्टेशन हब में से एक है। चांपा-कोरबा सेक्शन एसईसीएल और महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के कोयला क्षेत्रों को नेशनल रेल नेटवर्क और मुंबई-हावड़ा हाई डेंसिटी कॉरिडोर से जोड़ने वाले एक ज़रूरी रेल लिंक के तौर पर काम करता है। अभी इस सेक्शन पर रोज़ाना लगभग 10 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनें और लगभग 55 जोड़ी मालगाड़ियां चलती हैं। एसईसीएल और एमसीएल की इस इलाके की कुल कोयला प्रोडक्शन कैपेसिटी लगभग 247 मिलियन टन प्रति साल है और आने वाले सालों में इसके बढ़कर लगभग 450 एमटीपीए होने का अनुमान है, जिससे लगभग 200 एमटीपीए एक्स्ट्रा कोयला ट्रैफिक जुड़ेगा। तीसरी लाइन परियोजना से कैरीइंग कैपेसिटी काफी बढ़ेगी, ऑपरेशनल फ्लेक्सिबिलिटी बेहतर होगी और मालगाड़ी और पैसेंजर दोनों ट्रेनों की मूवमेंट तेज होगी। रेलवे के अनुसार इस प्रोजेक्ट के पूरा होने पर रोजाना हर दिशा में दो एक्स्ट्रा पैसेंजर ट्रेनें चलने और 5.95 MTPA एक्स्ट्रा माल ढुलाई में मदद मिलने की उम्मीद है। इस प्रोजेक्ट से लगभग 85 करोड़ रुपए की एक्स्ट्रा सालाना नेट कमाई होने का भी अनुमान है, जिसमें मालगाड़ी से 82 करोड़ रुपए और कोचिंग सर्विस से 3 करोड़ शामिल हैं। तीसरी लाइन से मालगाड़ियों का रुकना भी कम होगा, जो अभी हर दिशा में लगभग पांच मिनट की देरी का सामना करती हैं, जिससे सालाना लगभग 1.30 करोड़ रुपए की ऑपरेशनल बचत होगी।

**ककककक**

**खास बातें**

- बढ़ते कोल मूवमेंट, एक्स्ट्रा फ्रेंट ट्रैफिक और नेटवर्क कैपेसिटी को सोपर्ट रने के लिए हाई सेंसिटी रेल कॉरिडोर होगा उपयोग



## खबर संक्षेप

### कल कांग्रेस घेरेगी बिजली कार्यालय

**कोरबा।** भाजपा सरकार ने एक बार फिर बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि किया है जिसके विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर एवं ग्रामीण ने 18 जून को दोपहर 3 बजे तुलसीनगर बिजली आफिस का घेराव करने करने का निर्णय लिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय मुकेश राठौर एवं मनोज चौहान ने जिला कांग्रेस कमेटी, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, इंटक, एनयुएसआई, कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ, कांग्रेस अजा., कांग्रेस अजजा. प्रकोष्ठ, पार्षद, पूर्व पार्षद, ब्लॉक कमेटी, मंडल कमेटी, वार्ड एवं बूथ कमेटी सहित कांग्रेस संगठन के समस्त मोर्चा संगठन, विभाग - प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

### पीएम स्वनिधि महोत्सव का आयोजन आज

**कोरबा।** प्रधानमंत्री स्वनिधि महोत्सव का आयोजन 17 जून को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निगम के पं.जवाहरलाल नेहरू सभागार में किया जायेगा, यह आयोजन उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता एवं सभापति नूतन सिंह ठाकुर के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न होगा। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आदेश जारी कर इस हेतु अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौपते हुये सफल आयोजन के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय नवा रायपुर अटल नगर से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप कोरबा निगम द्वारा पीएम स्वनिधि महोत्सव शिविरों का आयोजन अपने जोन कार्यालयों में किया जा रहा है तथा प्रत्येक जोन में दो-दो दिन शिविर लगाये जा रहे हैं। इसके तहत प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना अंतर्गत शहरी पथी विक्रेताओं एवं असंगठित श्रमिकों को वित्तीय समावेशन, डिजिटल सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुरक्षा लाभों से जोड़ने तथा पथ विक्रेताओं के लिये सूक्ष्म ऋण पहुंच, सामाजिक कल्याण सुनिश्चित करने आदि से जुडे.विविध कार्य सम्पन्न किये जा रहे हैं।

### फोरलेन उन्नयन परियोजना, विभागीय समन्वय बैठक सम्पन्न

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजमार्ग-130 (कटघोरा से अंबिकापुर) फोरलेन उन्नयन निर्माण परियोजना के संबंध में विभागीय समन्वय हेतु परामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना के अंतर्गत विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) निर्माण, तकनीकी डिजाइन एवं आवश्यक अनुमोदनों पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने मार्ग में आने वाले अंधे मोड़ों के सुधार हेतु लेआउट एवं सड़क डिजाइन को तकनीकी मानकों के अनुरूप तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को आगामी एक माह के भीतर संपूर्ण सर्वे कार्य पूर्ण करने निर्देशित किय। उन्होंने राजस्व विभाग को भू-अर्जन की प्रक्रिया तेजी से पूरा करने हेतु आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही वन विभाग को आवश्यक एनओसी शीघ्र जारी करने के लिए कहा गया। कलेक्टर ने रेलवे, विद्युत वितरण विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे प्रस्तावित कार्यों के अनुरूप अपने-अपने विभागीय कार्यों की तैयारी सुनिश्चित करें।

### चार माह से चल रहा था दोनों के बीच विवाद

# जिले में शिक्षण सत्र की शुरुआत प्राचार्य और व्याख्याता के बीच मारपीट से हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में शिक्षण सत्र की शुरुआत पाली हायर सेकेंडरी स्कूल में व्याख्याता और प्राचार्य के बीच मारपीट से हुई। जिससे स्कूल का माहौल पहले ही दिन तनावपूर्ण हो गया। एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार ने स्कूल पहुंचकर दोनों पक्ष के साथ स्कूल के शिक्षकों के बयान दर्ज करने की कार्यवाही की। पूर्व में भी प्राचार्य और व्याख्याता के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी लेकिन प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों ने घटना को गंभीरता से नहीं लिया जिसकी परिणिति शिक्षण सत्र के पहले दिन प्राचार्य और व्याख्याता के बीच मारपीट के रुप में सामने आयी।

जिले के स्कूलों में जहां एक तरफ शाला प्रवेशोत्सव की घूम है तो पाली में शिक्षा के मंदिर की मर्यादा तार-तार हो गई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली में मंगलवार को प्राचार्य मनोज सराफ और व्याख्याता प्रखर पांडे के बीच जमकर हाथापाई हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम रोहित सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार सुजीत पाटले स्कूल पहुंचे और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं से पूछताछ की और बयान दर्ज करने की कार्यवाही की गई। स्कूल में पदस्थ शिक्षकों के मुताबिक प्राचार्य मनोज सराफ लगभग 5 साल से और व्याख्याता प्रखर पांडे 6 साल से यहां पदस्थ हैं। पिछले 4 महीने से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। ग्रीष्म अवकाश के पूर्व व्याख्याता प्रखर पांडेय की मां ने भी विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के सामने प्राचार्य के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर धरना दिया था लेकिन विभागीय अधिकारियों ने गंभीरता से नहीं लिया। परिणाम स्वरुप शिक्षण सत्र शुरु होने के पहले दिन प्राचार्य और व्याख्याता के बीच मारपीट हो गई। इससे स्कूल का माहौल तनावपूर्ण हो गया। शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी धरी की धरी रह गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधिकारी भी स्कूल पहुंचे इधर जिला शिक्षा अधिकारी को भी घटना की जानकारी दी गई है। पूर्व में भी दोनों के बीच विवाद होने पर नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल ने डीईओ को पत्र लिखकर मामले में संज्ञान लेने की मांग की थी लेकिन अब तक किसी तरह की कार्यवाही नहीं हुई।

**खास बात**

- पाली हायर सकेंडरी स्कूल में घटना के बाद शिक्षकों ने दिया आंदोलन का अल्टीमेटम



शिक्षकों का बयान दर्ज करते तहसीलदार।

**ये है विवाद की वजह**

घटना के संबंध में जो जानकारी सामने आयी है उसमें विवाद की वजह से सर्विस बुक विवाद और प्रयोगशाला समान को लेकर विवाद हुआ है। बताया जाता है कि व्याख्याता प्रखर पांडे का आरोप है कि प्राचार्य ने उनकी सर्विस बुक अधूरी रखी है और मांग करने पर भी दिखाने से इनकार कर रहे हैं। प्रयोगशाला में रखे सील बंद सामान को लेकर भी दोनों में मतभेद है। शुरुआत व्हाट्सएप ग्रुप की बहस से हुई जो सोमवार को मारपीट तक पहुंच गई।

**शिक्षकों ने दिया आंदोलन की चेतावनी**

शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कहा कि दोनों के बीच लगातार चल रहे विवाद से स्कूल का पूरा माहौल खराब हो चुका है। इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई और स्टाफ की मानसिक स्थिति पर पड़ रहा है। वर्तमान स्थिति शिक्षा के लिए बिल्कुल अनुकूल नहीं है। स्टाफ ने चेतावनी दी है अगर विवाद का त्वरित समाधान नहीं हुआ या विवादित प्राचार्य व व्याख्याता का अन्यत्र स्थानांतरण नहीं किया गया तो आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**तहसीलदार को दिए हैं जांच के निर्देश**

घटना की जानकारी मिलने के बाद तहसीलदार को हायर स्कूल में जांच के लिए भेजा गया है। उनके द्वारा दोनों पक्षों के साथ स्कूल के शिक्षकों का बयान दर्ज कर पंचनामा की कार्यवाही की गई है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**-रोहित सिंह,** एसडीएम पाली

**जांच प्रतिवेदन के बाद होगी कार्यवाही**

घटना की जानकारी मिली है, जिसकी प्रशासनिक जांच अनुविभागीय अधिकारी के निर्देश पर चल रही है। जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

**-टीपी उपाध्याय,** डीईओ

# निगम के तोड़ूदस्ते ने मुड़ापार में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



अतिक्रमण पर कार्यवाही करता निगम का अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुड़ापार अंबेडकर भवन के समीप शासकीय जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर नगर निगम का तोड़ूदस्ता अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंचा। जहां शासकीय जमीन पर कब्जा कर मकान का निर्माण कर लिया गया है। हालांकि निगम के तोड़ूदस्ता की टीम ने सिर्फ बाउंड्रीवाल को तोड़कर अपने कर्त्तव्यों की इतिश्री कर ली और अवैध रुप से निर्मित मकानों पर बुलडोजर नहीं चलाया। इसे लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने आरोप लगाया है कि निगम की टीम चेहरा देखकर कार्यवाही कर रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार मुड़ापार अंबेडकर भवन के समीप निगम के ही कर्मचारी मनोज बक्सेल पर आरोप था कि उसने शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर मकान का निर्माण कराया है। अन्य लोगों द्वारा भी यहां अतिक्रमण किया गया था। शिकायत के बाद निगम का अमला अतिक्रमण हटाने पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि निगम की टीम ने कार्रवाई के दौरान भेदभाव किया। टीम ने दूसरों के सिर्फ बाउंड्री वाले हिस्से और घेरा तोड़ दिया लेकिन निगम कर्मचारी के मकान के सामने आते ही कार्रवाई रोक दी गई। जेसीबी मकान को बिना छुए ही वापस लौट गई। यह नजारा देख मौके पर मौजूद लोग दंग रह गए। निगम की इस आधी-अधूरी कार्रवाई के बाद ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- निगम अमले पर लोगों ने लगाया भेदभाव का आरोप

**की जाएगी कार्यवाही**

शासकीय जमीन पर बेजाकब्जा कर अतिक्रमण की शिकायत मिली थी जिस पर निगम की टीम कार्यवाही करने पहुंची थी जिन लोगों द्वारा शासकीय जमीन पर प्लॉट काटकर मकान का निर्माण किया गया है उन्हें नोटिस जारी किया गया है। तय समय पर मकान खाली नहीं करने पर अन्य के खिलाफ भी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

**-पवन वर्मा**
जोन कमिश्नर, नपानि कोरबा

# एचटीपीएस में संचालित अस्पताल में ठेके पर कार्यरत नर्सों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा-पश्चिम के चिकित्सालय में मेसर्स इक्वीपमेंट केयर कोरबा के अंतर्गत जो ठेका श्रमिक कार्यरत है उनके द्वारा भारतीय संविदा मजदूर संघ कोरबा पश्चिम को लिखित में शिकायत प्राप्त हुआ है कि उक्त ठेकेदार द्वारा आज तक ईएसआईसी, ईपीएफ एवं शासन द्वारा निर्धारित वेतन प्रदान नही किया जा रहा है। इस विषय में पूर्व में भी संघ द्वारा आपको अवगत कराया गया था, परंतु आज तक समस्या निरंतर बनी हुई है। जिस कारणवश संघ द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि यदि 11 जून तक इन सभी समस्याओं का निराकरण न होने की स्थिति में आगामी 15 जून से कामबंद आंदोलन किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन की होगी।



प्रदर्शन करते हुए स्वास्थ्य कर्मी।

# शासकीय कार्य में बाधा डालने और तोड़ फोड़ करने वाले तीन ग्रामीणों पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन परिक्षेत्र के ग्राम विजयपुर में शासकीय कार्य में बाधा डालने और वन विभाग की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। वन विभाग की शिकायत पर कटघोरा पुलिस ने तीन ग्रामीणों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उनकी तलाश शुरु कर दी है। वन विभाग द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार 13 जून को कटघोरा वन परिक्षेत्र के ग्राम विजयपुर में विभाग द्वारा फेंसिंग का शासकीय कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान गांव के ही तीन पुरुषों ने वहां पहुंचकर काम रुकवा दिया। आरोपियों ने मौके पर चल रहे विभागीय काम को जबरन बंद कराते हुए कार्य में लगे कर्मचारियों के साथ अभद्रतापूर्वक व्यवहार किया साथ ही उन्हें जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने वहां लगाए जा ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- कटघोरा वन परिक्षेत्र के ग्राम विजयपुर का मामला, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

### संघ के महासचिव श्री चेट्टी ने कंपनी प्रबंधन की कर्मचारी विरोधी नीतियों से कराया अवगत

# छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन-1 ने उद्योग मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी प्रबंधन की कर्मचारी विरोधी नीति को लेकर विद्युत संयंत्रों के कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ के वाणिज्य उद्योग आबकारी एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के निवास स्थल पर जाकर मुलाकात की।

छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 1 के महासचिव आर सी चेट्टी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने मंत्री को कंपनी प्रबंधन की कर्मचारी विरोधी नीति से अवगत कराकर कर्मचारियों के सात सूत्रीय ज्ञापन देते हुए बताया कि कर्मचारियों के रिक्त पदों के विरुद्ध पदोन्नति, नई भर्ती, पदों की पुनर्पदसंरचना, पुरानी पेंशन की बहाली, कारखाना अधिनियम के तहत ओवर टाइम, इंसेंटिव, सुरक्षा एवं अग्निशमन विभाग में पदोन्नति, तकनीकी कर्मचारियों के उच्च पदों पर नियुक्ति एवं ठेका श्रमिकों के न्यूनतम वेतन व श्रम कानून के अनुपालन में प्रबंधन द्वारा अपनाई जा रही गलत नीति से अवगत कर बताया कि प्रबंधन द्वारा लगातार कर्मचारियों के हितों को अनदेखा किए जाने से कर्मचारियों में तीव्र असंतोष व्याप्त है और कर्मचारी अपनी जायज मांगों पर उचित निर्णय नहीं होने पर आंदोलन करने विवश होंगे। मंत्री लखन लाल देवांगन ने संगठन प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि वे रायपुर प्रवास में मुख्यमंत्री के संज्ञान में इस विषय को प्रमुखता से लाएंगे और कंपनी के अध्यक्ष से इस सम्बन्ध में चर्चा कर प्रबंधन को संगठन प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनकी जायज मांगों पर उचित निर्णय करने संबंधी निर्देश देंगे। मंत्री श्री देवांगन के साथ इस भेंट कार्यक्रम में महामंत्री आर सी चेट्टी के साथ, सरोज राठौर, पवन दास, घनश्याम साहू, मनोज वर्मा, रजनीकांत कुर्रे, बलजीत कंवर, मधु धीवर, पी गौरव, अनिल तिर्की, सिओन तिर्की, के के विशाल, रियाजुद्दीन अंसारी, चमन यादव, सी एस जायसवाल, सतीश देवांगन, सतीश ध्रुव, गुमान सिंह,पुरन पैकरा, रणवीर सिंह, मनोज वर्मा, संजय साहू, सुखचंद वर्मा,ओमप्रकाश ठाकुर, कृष्णा साहू, सतीश वर्मा कौशल राजपूत,अर्जुन बघेल, उत्तम श्रेय, शिव लक्ष्मी, मनोज साहू, सतीश ध्रुव, राकेश ढीढी, शोभा यदु, श्याम किशन ,कोमल धीवर, राकेश वैष्णव, डूमेश साहू आदि उपस्थित रहे।



उद्योग मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए फेडरेशन 01 के पदाधिकारी।

### 20 जून तक आयोजित होंगे पंजीकरण शिविर

**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष्य में संपूर्ण प्रदेश में विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार की समस्त हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रत्येक राजस्व अनुविभाग (सब-डिवीजन) स्तर पर 18 से 20 जून तक 3-दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में मुख्य रूप से पात्र नागरिकों के नए पंजीकरण, त्रुटि सुधार और समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निवारण किया जाएगा। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु शासन द्वारा प्रत्येक सब-डिवीजन स्तर पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## खबर संक्षेप

### अपचारी बालकों ने तोड़ी महात्मा गांधी की प्रतिमा, एक हिरासत में



**अंबिकापुर।** गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को खंडित करने के मामले में जानकारी सामने आई है। प्रतिमा को नाबालिग बच्चों ने तोड़ा था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में दो नाबालिग आरोपियों की पहचान कर ली गई है। इनमें से एक अपचारी बालक को पुलिस ने पकड़ लिया है इसके साथ ही दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। बता दें कि सोमवार को गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को खंडित करने का मामला सामने आया था। महात्मा गांधी जी का दाहिना हाथ, डंडा और चश्मा का भाग टूटा हुआ था। इस बात की जानकारी सामने आने के बाद लोगों में खासी नाराजगी देखी जा रही थी। इस घटना को लेकर कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी। इधर एसएसपी राजेश अग्रवाल ने भी इस मामले की गंभीरता से जांच के निर्देश दिए थे। सार्वजानिक संपत्ति और महा पुरुष की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने के मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 196(1), 299, 324(5) एवं धारा 3 सार्वजनिक संपति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के तहत अपराध दर्ज किया था। पुलिस व साइबर सेल ने सीसीटीवी की जांच की। जांच के दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि दो नाबालिग बदमाशों द्वारा प्रतिमा के हाथ, छड़ी को तोड़ दिया गया और वहीं फेंक कर भाग गए। पुलिस ने दोनों बालकों की पहचान कर ली है और इनमें से एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया है। इसके साथ ही पुलिस दूसरे अपचारी बालक की तलाश कर रही है। वहीं नगर निगम व संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर क्षतिग्रस्त प्रतिमा के पुर्नस्थापना एवं मरम्मत कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है।

## निधन

### श्रीमती कामिनी बाई राठौर



**हरदीबाजार।** उतरदा नवाडीह निवासी श्रीमती कामिनी बाई राठौर (91 वर्ष) का अकास्मिक निधन 11 मई को हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहीं थीं। वे हरदीबाजार के शिवम रेस्टोरेंट के संचालक राजेश्वर राठौर की दादी थीं। अंतिम संस्कार गृहग्राम नवाडीह में संपन्न हुआ। अंतिम संस्कार में परिवार समाज और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### निगम के तोड़दस्ते...

पूरे शहर में चर्चा का बाजार गर्म है। लोग सवाल पूछ रहे हैं कि क्या नगर निगम के कर्मचारी का अतिक्रमण जायज है। क्या शासकीय जमीन पर कब्जा करने वाले कर्मचारी पर निगम द्वारा विभागीय कार्रवाई की जाएगी या फिर निगम अधिकारी-कर्मचारी की साठगांठ के चलते उसे अभयदान मिल गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कानून सबके लिए बराबर होना चाहिए। अगर अतिक्रमण अवैध है तो निगम कर्मचारी का मकान भी तोड़ा जाना चाहिए। सिर्फ घेरा-बाउंड्री तोड़कर निगम ने यह साबित कर दिया कि अपनों के लिए नियम अलग हैं।

### शासकीय कार्य...

चुके फेंसिंग खम्भों को तोड़ दिया, जिससे वन विभाग को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। शिकायत के आधार पर पुलिस ने विजयपुर निवासी विश्राम सिंह, महिपाल सिंह और भुवनपाल सिंह के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 221, धारा 296, धारा 351(3), धारा 324(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने कहा है कि शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने, सरकारी कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करने तथा शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में कटघोरा पुलिस मामले की विवेचना कर रही है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## हर तीन महीने में केवायसी कराने की पड़ रही जरूरत

# महतारी वंदन योजना, ई केवायसी से लाभार्थी महिलाएं हो रहीं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश सरकार की महिलाओं को दी जाने वाली एक हजार रुपए की राशि वाली महतारी वंदन योजना में केवायसी कराना महिलाओं को भारी पड़ रहा है। तपती दोपहरी में च्वाइस सेंटर से लेकर विभाग के चक्कर काटे जा रहे हैं। स्थिति यह है कि तीन माह पूर्व केवायसी कराने वाले हितग्राहियों को पुनः केवायसी कराने का मैसेज भेजा जा रहा है।

**खास बात**

- 30 जून तक केवायसी कराना किया गया है अनिवार्य

महतारी वंदन योजना में चल रही मनमानी से महिलाएं परेशान हो चुकी हैं। च्वाइस सेंटर द्वारा निःशुल्क किए जा रहे केवायसी के दौरान छोटी छोटी गलतियों को सामने लाकर महिलाओं को च्वाइस सेंटर से चलता कर दिया जा रहा है। इन गलतियों को लेकर महिलाएं च्वाइस सेंटर के साथ नगर निगम एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के चक्कर काटते देखा जा रहा है। इनकी समस्याओं का निराकरण दोनों ही सरकारी विभागों से नहीं होने के कारण उनके सामने नाम कटने का भय सताने लगा है। इधर 30 जून तक केवायसी कराने की तिथि तय किए जाने के बाद च्वाइस सेंटर में हितग्राहियों की भीड़ पहुंचने लगती है। महिलाओं का कहना है कि च्वाइस सेंटर के कर्मचारी से लेकर नगर निगम जोन कार्यालय, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के द्वारा समाधान नहीं किये जाने का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। हालांकि विभाग के पास अभी ऐसे कोई आंकड़े सामने नहीं आए हैं जिससे यह माना जाए कि कितने हितग्राहियों के नाम कट रहे हैं किन्तु योजना की राशि लगातार देर से मिलने की वजह से नाम कटने का भय हितग्राहियों में समा गया है। जिले में 2 लाख 95 हजार से अधिक हितग्राहियों को मिल रही है महतारी वंदन की राशि।



केवाईसी कराते हुए महिला हितग्राही।

**आधार व पंजीयन नंबर अनिवार्य**

ई केवायसी के लिए आधार कार्ड नंबर और पूर्व में कराए गए पंजीयन नंबर आवश्यक किया गया है। पंजीयन क्रमांक में अगर जरा सी भी गलती हो रही है तो उसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्र जाना पड़ता है। स्थिति यह है कि वहां से पंजीयन नंबर लेकर दोबारा च्वाइस सेंटर जाना पड़ता है तब कहीं जाकर ई केवायसी हो रही है। यह भी बताया जा रहा है कि केवायसी के लिए अब तक विभाग की ओर से मैसेज आ रहा था अब बैंक के द्वारा भी मैसेज भेजा जा रहा है।

**ई केवायसी कराना अनिवार्य**

ई केवायसी के लिए जिले के कुछ च्वाइस सेंटरों को चिन्हांकित किया गया है। जहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की आईडी के माध्यम से निःशुल्क किया जाएगा। हालांकि शासन की ओर से 9.48 रुपए प्रति हितग्राही के दर से च्वाइस सेंटर संचालक को कमीशन दिया जा रहा है। इसके लिए सभी च्वाइस सेंटरों में डिवाइस उपलब्ध कराया गया है। च्वाइस सेंटर पहुंचने वाली महिलाओं की मानें तो नाम और जाति में मात्रा की गलती होने पर भी लौटा दिया जा रहा है।

# कथक नृत्य प्रतियोगिता में पर्वतम योद्धा ने दुबई में फहराया परचम



उद्योग मंत्री के साथ पर्वतम योद्धा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालकोनगर की प्रतिभाशाली बालिका पर्वतम योद्धा ने दुबई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कथक नृत्य प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल कर कोरबा जिले और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिली इस उपलब्धि के बाद उन्होंने प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन से सौजन्य भेंट-मुलाकात कर अपने अनुभव साझा किये। पर्वतम योद्धा अपने पिता के साथ कोहड़िया स्थित कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के निवास कार्यालय पहुंचीं, जहां कैबिनेट मंत्री ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने दुबई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कथक नृत्य प्रतियोगिता में मिली सफलता पर बालिका को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा की बेटियां अपनी प्रतिभा, मेहनत और समर्पण के दम पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले और प्रदेश की पहचान मजबूत कर रही हैं। पर्वतम योद्धा की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है और अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। कला और संस्कृति के क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों की सफलता यह साबित करती है कि यदि अवसर और प्रोत्साहन मिले तो छत्तीसगढ़ की प्रतिभाएं वैश्विक मंचों पर भी अपनी अलग पहचान बना सकती हैं।

# रचनात्मक गतिविधियों से निखरी बच्चों की प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय तिलकेजा में 1 से 15 जून तक आयोजित 15 दिवसीय समर कैंप का समापन किया गया। समर कैंप के दौरान बच्चों ने विभिन्न शैक्षणिक, रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समर कैंप में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए ड्राइंग एवं पेंटिंग, कला एवं शिल्प, क्ले मॉडलिंग, योग एवं शारीरिक गतिविधियां, संगीत एवं नृत्य, खेल एवं आउटडोर गतिविधियां, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, करियर मार्गदर्शन, पर्यावरण जागरूकता तथा व्यक्तित्व विकास जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। साथ ही बच्चों को प्रतिदिन पौष्टिक नाश्ता भी प्रदान किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसएमडीसी अध्यक्ष किशन साव उपस्थित रहे। वहीं एसएमडीसी सदस्य राम निरंजन जायसवाल मंचस्थ रहे। प्राचार्य एमआर श्रीवास के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में आरके पटवा, रामकृष्ण जायसवाल, केदारनाथ जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# शराब दुकान स्थानांतरण को लेकर विरोध शुरू, पार्षद ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद दीपका के अंतर्गत पाली रोड में लंबे समय से संचालित शराब दुकान को तहसील रोड एवं गोवरघोरा वार्ड क्रमांक 1 में स्थानांतरित किए जाने के शासन-प्रशासन के प्रयास का स्थानीय स्तर पर विरोध शुरू हो गया है। वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद कमलेश कुमार जायसवाल ने इसे लेकर कलेक्टर को पत्र लिखकर शराब दुकान को स्थानांतरित नहीं करने की मांग रखी है।

**खास बात**

- पाली दीपका रोड शराब दुकान को वार्ड क्रमांक 1 में स्थानांतरित किए जाने का मामला
- वार्डवासियों में है आक्रोश

पार्षद कमलेश जायसवाल ने कहा कि यदि इस मदिरा दुकान को घनी आबादी वाले वार्ड क्रमांक 1 और तहसील रोड के समीप खोला जाता है तो इससे क्षेत्र की शांति-व्यवस्था पूरी तरह भंग हो जाएगी इस निर्णय से स्थानीय निवासियों विशेषकर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य वर्ग के हितों और सुरक्षा को भारी क्षति पहुंचेगी शराब दुकान के कारण क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ेगा जिससे आए दिन अप्रिय घटनाएं होने की प्रबल आशंका बनी रहेगी। प्रस्तावित शराब दुकान प्राथमिक शाला बिंझवार पारा स्कूल के मात्र 100 मीटर के दायरे में आ रही है जिससे स्कूली बच्चों के मानस पटल पर अत्यंत विपरीत प्रभाव पड़ेगा। प्रस्तावित स्थल के महज 100 मीटर की दूरी पर गैस एजेंसी और 200 मीटर की दूरी पर पेट्रोल पंप संचालित हैं ऐसे ज्वलनशील व संवेदनशील प्रतिष्ठानों के पास दारू भट्टी का होना किसी बड़े हादसे को आमंत्रण देने जैसा है। यह स्थल तहसील कार्यालय से बेहद निकट है जिससे शासकीय कार्यों में बाधा आएगी इसके साथ ही स्थानीय पूर्वजों की आदिशक्ति मां मरकी माता का पवित्र मंदिर (0.5 मीटर) और पूर्वजों का पूजनीय देवस्थल ढोढ़ी (0.2 मीटर) भी इसके बिल्कुल करीब हैं जिससे जन-आस्था और धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचेगी। यह पूरी तरह से घनी रिहायशी बस्ती से लगा हुआ क्षेत्र है जहां महिलाओं और बेटियों का सुरक्षित आवागमन दूभर हो जाएगा। पार्षद जायसवाल ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि जनभावनाओं धार्मिक आस्था और बच्चों के भविष्य को दरकिनार कर इस दारू भट्टी को जबरन हमारे गांव/वार्ड में संचालित करने का प्रयास किया गया तो समस्त वार्डवासी और क्षेत्र की जनता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# जलाराम मंदिर में सजी दीप मालिका, की अन्न मंडल पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंचल में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की धूम के बीच गुजराती ब्रह्म समाज की महिलाओं द्वारा पावन अधिक मास के समापन के पावन अवसर पर आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय संत श्री जलाराम राम दरबार मंदिर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में महिलाओं ने श्रद्धाभाव के साथ अन्न मंडल पूजा का विधान संपन्न किया। अधिक मास के समापन के मौके पर आयोजित इस पूजा में श्री गुजराती समाज महिला मंडल की सदस्यों ने भी अपनी भागीदारी दर्ज कराई। मंदिर परिसर में आचार्यों के सानिध्य में महिलाओं ने सर्वप्रथम विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ अन्न मंडल का पूजन किया। पूजन और धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत महिलाओं ने भक्ति भाव के साथ पूरे मंदिर परिसर को दीपों की कतारों से सजाया। शाम होते ही संत श्री जलाराम राम दरबार मंदिर दीप मालिका की दिव्य रोशनी से जगमगा उठा, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने कहा कि अधिक मास में दान-पुण्य, भक्ति और पूजन का विशेष महत्व होता है और इसी पवित्र भाव को समर्पित करते हुए यह सामूहिक आयोजन किया गया है।



अन्न मंडल पूजा करती महिलाएं।

**सोमवती अमावस्या पर श्री अग्रसेन गौ धाम में श्रद्धालुओं ने की गौ सेवा**



सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर कनबेरी स्थित श्री अग्रसेन गौ धाम में सोमवार को आस्था, श्रद्धा और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर लगभग 2सौ से अधिक गौ भक्तों ने सेवा की। धार्मिक आयोजन के तहत श्रद्धालुओं द्वारा 3 सवामणी दलिया, 1 सवामणी खिचड़ी, 9 तुलादान एवं करीब 25 सवामणी हरे चारे का अर्पण कर गौ माता की सेवा-अर्चना की गई। सोमवती अमावस्या को पितरों के स्मरण, तर्पण और आशीर्वाद प्राप्ति का विशेष दिन माना जाता है। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने अपने पितृदेवों की पुण्य स्मृति में गौ सेवा, तुलादान और दीपदान कर कृतज्ञता व्यक्त की तथा उनके मोक्ष और शांति की कामना की। शाम होते ही श्रद्धालुओं द्वारा किए गए दीपदान से गौ धाम एवं आसपास का परिसर दिव्य प्रकाश से आलोकित हो उठा, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। आयोजन के दौरान गौ धाम समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें खिचड़ी एवं टमाटर फदका के प्रसाद का वितरण किया गया। गौ धाम समिति ने सभी श्रद्धालुओं और गौ भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कामना की कि गौ माता एवं पूज्य पितरों की कृपा सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखे।

# अदाणी केपीएल ने प्लास्टिक उपयोग कम करने बांटे 700 जूट बैग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




जूट बैग का वितरण करते हुए।

अदाणी कोरबा पावर लिमिटेड पताड़ी में विश्व पर्यावरण सप्ताह-2026 का समापन समारोह सोमवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केपीएल के चीफ बिजनेस ऑफिसर समीर कुमार मित्रा थे। इसके साथ ही केपीएल प्रोजेक्ट साइट हेड ए राजागुरु सहित कई अधिकारी व कर्मचारीगण समारोह में मौजूद रहे। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केपील के पर्यावरण व बागवानी विभाग के संयुक्त प्रयास से 5 से 15 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। जिसमें एक पेड़ माँ के नाम अभियान से पौधरोपण सहित पर्यावरण क्विज, चित्रकला एवं मॉडल प्रतियोगिता व जन जागरूकता जनसहभागिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का मजबूत संदेश दिया गया।

समापन अवसर पर परियोजना प्रमुख समीर कुमार मित्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है और वृक्षारोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है। इस वर्ष प्रकृति से प्रेरित जलवायु संरक्षण हमारे भविष्य के लिए थीम के तहत आयोजित कार्यक्रमों में लगभग 1500 पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया, जिसके अंतर्गत प्लांट परिसर एवं कॉलोनी क्षेत्र में व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया गया। समापन समारोह में केपीएल प्रबंधन ने पूरे सप्ताह की गतिविधियों की सराहना करते हुए सहभागियों को सम्मानित किया। साथ ही सप्ताह भर आयोजित कार्यक्रमों में से एक पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। केपील प्रोजेक्ट से रजत श्रीवास्तव ने प्रथम, सायदीप पांडेय ने द्वितीय तथा सुरेश भटनागर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नॉन-एग्जीक्यूटिव वर्ग में कुसलेश्वर सिंह राठिया प्रथम, शशि कुमार भारद्वाज द्वितीय एवं शोविंद कुमार तृतीय रहे, जबकि सांत्वना पुरस्कार साधना दिव्या को मिला। एग्जीक्यूटिव वर्ग में पंकज सोनी प्रथम, अभिजीत आटकरे द्वितीय तथा जान्हवी भांडरकर और मनोज तिवारी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में बच्चों एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित चित्रकला एवं मॉडल प्रतियोगिता में भी उत्साहजनक सहभागिता देखने को मिली। जूनियर वर्ग में अनविका मिश्रा प्रथम, तान्या पटेल द्वितीय एवं प्रणिका सोनी तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि सीनियर वर्ग में दृष्टि साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कर्मचारियों वर्ग में भीम चौहान प्रथम तथा उर्वशी गोरे एवं मंजू पाटले संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं मॉडल प्रतियोगिता में शैजल महंत एवं मिहिका सिन्हा की टीम प्रथम रही। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि श्री मित्रा ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साहपूर्वक व उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरस्कृत भी किया।


**कोरबा मार्केट**

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ) केवल महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकती हैं।
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
9993000683
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़


# समर्थकों ने मनाया भाजयुमो नेता विकास का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा




भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा का जन्मदिन बांकीमोंगरा में बेहद उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गजरा ग्राउंड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की, पटाखे फोड़े और केक काटकर अपने नेता को बधाई दी।

जन्मदिन के कार्यक्रमों की शुरुआत गजरा स्थित नया विनायक मेडिकल स्टोर से हुई। विकास झा ने यहाँ मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और फीता काटकर मेडिकल स्टोर का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान मेडिकल स्टोर के संचालक और उनके परिवार ने विकास झा का स्वागत किया और केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन में नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्षा श्रीमती सोनी विकास झा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इसके अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी, युवा मोर्चा व महिला मोर्चा के कर्मठ कार्यकर्ता, विकास झा के प्रशंसक और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी उपस्थितजनों ने विकास झा को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके दीर्घायु और यशस्वी जीवन की कामना की। विकास झा ने भी सभी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों के इस अपार स्नेह और सम्मान के लिए दिल से आभार व्यक्त किया।


DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का जिला स्तरीय सम्मेलन

# रचनाएं सुनाकर कवियों ने श्रोताओं को गुदगुदाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


सम्मेलन में उपस्थित साहित्यकार।

छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के तत्वाधान एवं मुकुटधर साहित्य समिति के सहयोग से पंडित जवाहरलाल नेहरू सभागार में जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर राजभाषा आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार ने माँ शारदे की सुमधुर वंदना प्रस्तुत की, वहीं संतोषी महंत श्रद्धा एवं घनश्याम श्रीवास ने भावपूर्ण छत्तीसगढ़ महतारी वंदना की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने की। मंच पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में महापौर संजू देवी सिंह राजपूत, निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग, पार्षद नरेंद्र देवांगन तथा पद्मश्री सुरेंद्र दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती शशि दुबे के साथ साथ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा एवं सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार मंचासीन रहें। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ व बैज से आत्मीय अभिनन्दन किया गया। पहुनाई करते हुए आयोग के सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार एवं जिला संयोजक दिलीप अग्रवाल द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक ताज खुमरी पहनाकर अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत में जय बूढ़ादेव कर्मा नृत्य दल तथा सैंडी डांस अकादमी के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुती दी गई। नृत्य के माध्यम से संस्कृति संस्कार और पारम्परिकता की झलक देखने को मिला। स्वागत उद्बोधन आयोग के सचिव डॉ.अभिलाषा बेहार ने प्रस्तुत किया। राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ी को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थापित करने के लिए आयोग हर संभव प्रयास कर रहा है और यह हमारी अस्मिता की लड़ाई है। मुख्य अतिथि लखन लाल देवांगन ने आयोजन की सफलता पर जिला संयोजक व आयोग को बधाई देते हुए छत्तीसगढ़ी बोली व संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डाला।










## खबर संक्षेप

### भाजपा जिला सोशल मीडिया कार्यकारिणी की घोषणा

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा की सोशल मीडिया कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। यह नियुक्ति भाजपा सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक माननीय मितुल कोठारी की अनुमति तथा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय एवं संगठन के निर्देशों के अनुरूप की गई है। जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी द्वारा जारी सूची में विभिन्न पदों पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी सूची के अनुसार प्रदीप सिंह को जिला सोशल मीडिया संयोजक नियुक्त किया गया है जबकि अविनाश दुबे को सहसंयोजक और नीरज ठाकुर को सह संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी में आशा ठाकुर, शारदा यादव, प्रफुल्ल यादव, रामलाल साहू, सुखदेव सिंह, किशोर शर्मा, मोतीलाल, मनोज राठौर, शुभम गोस्वामी एवं अखिल सिंह को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। भाजपा जिला संगठन ने नवगठित सोशल मीडिया टीम से संगठन की नीतियों, उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं को डिजिटल माध्यमों के जरिए आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की अपेक्षा जताई है। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं। जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के हस्ताक्षर से जारी इस सूची के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। नई टीम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर संगठन की गतिविधियों को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने का कार्य करेगी।

### दिव्यांग खिलाड़ी किशन ने 66 किलो वर्ग में जीता स्वर्ण



**बालको।** मिनी इंडिया पारा पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में दिव्यांग खिलाड़ी ने 85 किलोग्राम बेंच प्रेस कर स्वर्ण पदक हासिल किया है। खिलाड़ी ने कठिन परिस्थितियों में अभ्यास करते हुए यह उपलब्धि प्राप्त की। आर्थिक संसाधनों की कमी के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य को हासिल किया। अब खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर देश का नाम रोशन करना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें स्पॉन्सरशिप की आवश्यकता है। उन्होंने संबंधित विभागों और निजी संस्थाओं से सहयोग की अपील की है।

### पूज्य सिंधी पंचायत की कार्यकारिणी घोषित



**कोरबा।** पूज्य सिंधी पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष अशोक चावलानी ने स्थानीय सिन्धु भवन में बैठक आहूत कर वर्ष 2026-27 हेतु अपने नेतृत्व में काम करने वाली 50 सदस्यीय जम्बो कार्यकारिणी की घोषणा की। घोषित इस जम्बो कार्यकारिणी का गठन अध्यक्ष ने अपने नये विज़न व नई सोच के साथ किया है, जिसमें समाज के सभी आयु वर्ग के सदस्यों को उचित सम्मान के साथ नेतृत्व व महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

### स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचने की दी जानकारी

**हरदीबाजार।** बारिश शुरू होने से पहले ही स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत ग्रामीण अंचलों में लगातार शिविर लगाकर स्वास्थ्य संबंधी जांच करते हुए मौसमी बीमारी से बचने का जानकारी दिया जा रहा है। इस दौरान मंगलवार को पाली ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार अंतर्गत ग्राम सराई सिंगार में जिला चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन एवं बीएमओ पाली अनिल शराफ़ के मार्गदर्शन तथा हरदी बाजार स्वास्थ्य केंद्र सहाय चिकित्सा अधिकारी युद्धेश सांडे के अगवाई में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित महिला सहायक चिकित्सा अधिकारी (आरएमए) सुधा महंत रहे शिविर में बीपी शुगर एवं महिलाओं की जुड़ी समस्याओं के बारे में जांच किया गया तथा मौसमी बीमारी के बचाव से संबंधी मरीज को जानकारी दी गई।

# बालिका सशक्तिकरण अभियान की परिवर्तनकारी सफलता का एनटीपीसी ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

## 36 गांव के 41 स्कूलों में चला सशक्तिकरण अभियान



एनटीपीसी कोरबा ने अपने सीएसआर के तहत संचालित बालिका सशक्तिकरण अभियान (जेम) 2026 के सातवें संस्करण का समापन किया गया। यह आयोजन आसपास के ग्रामो की 123 बालिकाओं की सीख, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और समग्र विकास की एक माह लंबी प्रेरणादायक यात्रा का उत्सव था।

कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों, रचनात्मक परियोजनाओं तथा विभिन्न शिक्षण उपलब्धियों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। अतिथियों का स्वागत करते हुए के.सी. पात्रा, बिजनेस यूनिट हेड, एनटीपीसी-कोरबा ने बालिका सशक्तिकरण अभियान की वर्षों में हुई उल्लेखनीय प्रगति और समुदाय की बालिकाओं के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कुछ सप्ताह पूर्व 41 विद्यालयों, 36 ग्रामो एवं शहरी वार्डों से आई बालिकाएं इस अभियान से जिज्ञासा, उत्साह और सपनों के साथ जुड़ी थीं, जबकि आज वे आत्मविश्वास, ज्ञान और आशा की सशक्त दूत बनकर अपने घरों को लौट रही हैं। उन्होंने बालिकाओं को अपने सपनों पर विश्वास बनाए रखने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण बालिका सशक्तिकरण अभियान-2026 की डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन रहा, जिसमें पूरे एक माह के दौरान आयोजित गतिविधियों, सीखने के अनुभवों तथा प्रतिभागियों के प्रेरणादायक बदलावों को दर्शाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागियों की प्रतिभा, उत्साह और आत्मविश्वास की शानदार झलक देखने को मिली। प्राइड ऑफ इंडिया विषय पर आधारित विशेष प्रस्तुति में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय पहचान को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसमें राष्ट्रीय पुष्प कमल, राष्ट्रीय पक्षी मोर, खेल विरासत के प्रतीक हॉकी, जीवन एवं सतत विकास के प्रतीक राष्ट्रीय वृक्ष बरगद, तथा राष्ट्रीय पशु बाघ को प्रभावशाली रूप से दर्शाया गया।

## जिले के शासकीय एवं निजी स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव की हुई शुरुआत

# शिक्षण सत्र का श्री गणेश, रोली चंदन टीके से बच्चों को कराया स्कूल में प्रवेश



बच्चों को टीका लगाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी।




किताब वितरण करते हुए प्रधानपाठक व स्कूल के शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों के शासकी और निजी स्कूलों में शिक्षण सत्र की शुरुआत शाला प्रवेशोत्सव से मंगलवार को हुई। इस अवसर पर सभी स्कूलों में कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों का रोली चंदन और टीका लगाकर स्कूल में प्रवेश कराया गया। पहले दिन होने के कारण शहरी क्षेत्र के स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति बनी रही वहीं ग्रामीण अंचलों में कम उपस्थिति नजर आई।

**खास बात**

- स्कूल ड्रेस और किताबों का हुआ वितरण

शिक्षण सत्र की शुरुआत को लेकर एक सप्ताह से लेकर जिले के सभी शासकीय व निजी स्कूलों में तैयारी चल रही थी। बीते डेढ़ माह तक अवकाश में रहने वाले शिक्षक भी जनगणना ड्यूटी के बाद स्कूल पहुंचे। जिनके उपस्थिति के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए थे। साथ सभी जनशिक्षा केंद्र में एक पखवाड़े पूर्व से ही स्कूल ड्रेस की एक सेट की आपूर्ति सभी स्कूलों में करा दी गई थी। किताबों का भी वितरण शाला प्रवेशोत्सव के साथ शुरु हो गया है। साइकिल की आपूर्ति नहीं होने के कारण छात्रों को इसके लिए इंतजार करना पड़ेगा। पहले दिन अधिकांश स्कूलों में रिकार्ड संधारण के साथ बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया शुरु की गई। कोरबा ब्लॉक अंतर्गत आने वाले आमपाली पूर्व माध्यमिक शाला में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय के मुख्य अतिथ्य में किया गया। जहां नवप्रवेशी बच्चों का शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का टीका चंदन लगाकर प्रवेश कराने के साथ किताबों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक मुकुंद उपाध्याय और शिक्षक उपस्थित थे।

### बाल मानस मंदिर में मनाया गया प्रवेश उत्सव



आईटीआई रामपुर सिंचाई कॉलोनी स्थित बाल मानस विद्या मंदिर स्कूल में मंगलवार को सुबह 8 बजे शाला उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। सुश्री उमा चौहान के द्वारा लाल बहादुर शास्त्री के जीवन दृष्टांत से बच्चों को प्रेरित किया गया। इसके बाद प्राचार्या द्वारा बच्चों को योगासन कराया गया जिससे बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक एवं बौद्धिक विकास हो। प्राचार्या द्वारा उनको प्रेरित करते हुए जीवन जीने के पांच नियम सिखाया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थी के जीवन में आत्म-अनुशासन, कर्तव्य निष्ठा, विनम्रता, अध्ययन के प्रति जागरूकता आदि आदर्श गुणों को अपने जीवन में उतारने संकल्प दिलाया। प्रधानाचार्या, प्राचार्य तथा कक्षा शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को टीका चंदन लगाकर नवीन सत्र के अगली कक्षा में प्रवेश हेतु स्वागत करते हुए उत्सव मनाया गया।

### मुड़ापार में बच्चों को बांटे गए पुस्तक व गणवेश

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला मुड़ापार में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसके अग्रवाल एवं सीएससी बीजी श्रीवास उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन पूर्व माध्यमिक शाला प्रधानपाठक श्रीमती शालिनी दुबे एवं प्राथमिक शाला प्रधान पाठक श्रीमती सुनीता पाटले की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान शाला में नए प्रवेश लेने वाले बच्चों का स्वागत किया गया। इसमें कक्षा पहली के 1 बच्चे और कक्षा छठवी में प्रवेश लेने वाले 5 नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर, फूल माला पहनाकर और मुंह मीठा कराकर शाला में प्रवेश कराया गया। इसके साथ ही शासन की मंशाअनुसार बच्चों को नए शैक्षणिक सत्र की निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें पुस्तक के और गणवेश (यूनिफॉर्म) प्रदान किया गया।




### आत्मानंद इंग्लिश स्कूल मना शाला प्रवेशोत्सव

स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश स्कूल जामनीपाली में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी अभिमन्यु टेकाम, ब्लॉक रिसर्च कोऑर्डिनेटर प्रह्लाद साहू, प्राचार्य अभिमन्यु साहू मंचस्थ रहे। इस दौरान श्री टेकाम ने विद्यार्थियों के लिए मुख्यमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया। नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं माला पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। अधिकारियों, प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर तथा चॉकलेट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने नियमित रूप से विद्यालय आने का संकल्प लिया तथा विद्यालय में प्रवेश को लेकर विशेष उत्साह प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में मुकेश केवर्त, श्रीमती एसएस खान, श्रीमती इंदु मिरी, श्रीमती रेखा सिंह सहित वि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### शिकायतों का तत्काल करें निराकरण : पाण्डेय

**कोरबा।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों को कहा है कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों को संज्ञान में लेकर उनका तत्काल निराकरण सुनिश्चित करायें, उन्होने कहा कि सीएम हेल्प लाईन 1076 समस्या तुंहर-समाधान हमर में प्राप्त शिकायतें हम सबके लिये सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है, अतः इसे पूरी गंभीरता से लें, नियत समयसीमा में शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर लिया जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें।

### राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें

**कोरबा।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 की पुनर्परीक्षा के सुचारू एवं सफल आयोजन के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने केंद्राध्यक्षों की बैठक ली। बैठक में परीक्षा संचालन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए जिले में कुशलतापूर्वक परीक्षा संपन्न कराने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी केंद्राध्यक्षों से केंद्रों में परीक्षा आयोजन की तैयारी की जानकारी लेते हुए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी केंद्रों में समय रहते सीसीटीवी कैमरा, जैमर सहित आवश्यक सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देशित किया। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को परीक्षा के समय विद्युत आपूर्ति का ध्यान रखने एवं केंद्रों में वैकल्पिक व्यवस्था तैयार रखने के लिए कहा। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीम की ड्यूटी लगाने एवं पालकों के लिए केंद्र के बाहर बैठक व्यवस्था, पेयजल व मोबाईल टॉयलेट की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। साथ ही अभ्यर्थियों के केंद्रों तक सुगम पहुँच हेतु ऑटो चालकों को उपयुक्त किराया लेने की बात कही। एसपी श्री तिवारी ने परीक्षा के सफल आयोजन हेतु परीक्षा की गोपनीयता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने कहा है।

## श्रमिक नेता केदारनाथ के नेतृत्व में वैशाली नगर में जनसमस्याओं को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



ठेका कर्मियों की समस्या सुनते हुए श्रमिक नेता केदार।

एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के ग्राम वैशाली नगर में ग्रामवासियों की मूलभूत समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में एचएमएस के केंद्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष एवं कोरबा संभाग प्रभारी केदारनाथ अग्रवाल एवं लक्ष्मण सिंह संयुक्त सलाहकार समिति सदस्य उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने ग्रामवासियों की सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

बैठक को संबोधित करते हुए केदारनाथ अग्रवाल ने कहा कि वैशाली नगर की जनता ने जो भरोसा हम पर जताया है, उस पर खरा उतरना हमारी जिम्मेदारी है। लक्ष्मण सिंह के साथ मिलकर हम आपकी हर समस्या का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जनता की सेवा ही हमारा पहला धर्म है। इस अवसर पर लक्ष्मण सिंह ने कहा केदारनाथ अग्रवाल के नेतृत्व में हम वैशाली नगर की जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े हैं। संगठन पूरी ताकत से आपकी आवाज उठाएगा। बैठक में कमलेश प्रधान (उपाध्यक्ष, कुसमुंडा परियोजना), ओम प्रकाश साहू, सोहनलाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा हरिलाल यादव, गजानन यादव, माखन यादव, रामचंद्र यादव, काशीलाल, अनिल यादव, विजय यादव, राजू यादव, विकास यादव, महेश यादव, राकेश यादव, मदन गोपाल, नंद गोपाल, लक्ष्मी पटेल, जेठू दास, मधुलाल, नंदकिशोर, रूपलाल, लाल सिंह, जितेंद्र कंवर, आनंद यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण और बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

# टोल शुल्क को लेकर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन स्थानीय वाहनों को टोल फ्री करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदर्शन करते हुए युवा कांग्रेसी।

जिले में संचालित राष्ट्रीय राजमार्ग के टोल प्लाजाओं को लेकर युवा कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने एनएचएआई अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर स्थानीय निवासियों और सीजी-12 पासिंग घरेलू वाहनों को टोल शुल्क से मुक्त करने की मांग रखी है।

युवा कांग्रेस व एनएसयूआई के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में टोल प्लाजाओं की कार्यप्रणाली पर आरोप लगाए गए हैं। संगठन का कहना है कि जिले में संचालित चोटिया, मदनपुर, बगदेवा और कोथारी टोल प्लाजा पर स्थानीय लोगों को अनावश्यक आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि टोल कर्मचारियों द्वारा आम नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार, अभद्र भाषा का प्रयोग और मनमानी की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। वहीं टोल वसूली के बावजूद सड़क सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं की स्थिति बेहद खराब है। सड़क किनारे पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने, आवारा पशुओं की मौजूदगी और अवैध पार्किंग के कारण दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर हो रही दुर्घटनाओं के मामलों में टोल संचालक कंपनी और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच कर लापरवाही पाए जाने पर अपराध दर्ज किया जाए। साथ ही टोल कर्मचारियों और प्रबंधन पर ओवरलोड राखड़ वाहनों के अवैध परिवहन में मिलीभगत के आरोपों की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाए। युवा कांग्रेस जिला महासचिव मधुसूदन दास ने कहा कि कोरबा एक आदिवासी और किसान बाहुल्य जिला है, जहां लोगों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए कई बार आवागमन करना पड़ता है। ऐसे में हर बार टोल शुल्क देना आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। उन्होंने स्थानीय निवासियों और घरेलू उपयोग के वाहनों को टोल फ्री करने की मांग दोहराई। वहीं एनएसयूआई जिलाध्यक्ष मनमोहन राठौर और दीपक वर्मा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो युवा कांग्रेस और एनएसयूआई द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस दौरान असंगठित कांग्रेस जिलाध्यक्ष बबलू मारवा सहित युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीएम पोर्टल की शिकायत का भी नहीं दिखा असर

# रेत माफिया बेखौफ, जोगीपाली में खड़ा हो रहा रेत का पहाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अवैध ढंग से संग्रहित की गई रेत।

जिले के ग्राम जोगीपाली में रेत तस्करों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें न तो शासन का डर है और न ही प्रशासन का। जोगीपाली में इन दिनों रेत का एक विशालकाय अवैध पहाड़ खड़ा किया जा रहा है। हैरान करने वाली बात यह है कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत होने और प्रशासन के सख्ती के आदेश के बाद भी यहाँ चौबीसों घंटे धड़ल्ले से अवैध खनन जारी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस पूरे सिंडिकेट के पीछे साहू नाम के एक रसूखदार तस्कर का नाम सामने आ रहा है। चर्चा है कि इसी तस्कर की शह पर जोगीपाली और आसपास के इलाकों में कानून को ताक पर रखकर रेत की खुली लूट मची हुई है। स्थानीय प्रशासन की चुप्पी इस बात का सबूत है कि इस तस्कर के हाथ बहुत ऊंचे हैं। नियमों के मुताबिक नदियों से रेत निकालने के लिए भारी मशीनों का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है ताकि पर्यावरण और जलीय जीवों को नुकसान न पहुंचे लेकिन जोगीपाली में खुलेआम चैन माउंटेन मशीनों को उतार दिया गया है। ये मशीनें दिन-रात नदी का सीना चीरकर सैकड़ों हाइवा रेत निकाल रही हैं, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का चूना लग रहा है। यह सिर्फ रेत की सामान्य चोरी नहीं है बल्कि एक संगठित अपराध है। जोगी पाली में अवैध रूप से डंप किए जा रहे इस रेत के पहाड़ को खपाने के लिए एक बड़े प्लांट का इस्तेमाल किया जा रहा है। रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजाले तक, चोरी की यह रेत सीधे प्लांट में सप्लाई की जा रही है, जहाँ इस अवैध कारोबार को लीगल (वैध) शक्ल देने की कोशिश होती है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस बर्बादी को रोकने के लिए सीएम पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई थी। मुख्यमंत्री कार्यालय से अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी हैं। इसके बावजूद जिले के खनिज विभाग और स्थानीय पुलिस की आंखें बंद हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780